Himachal Pradesh

Public Service Commission

**Press Note** **Dated 20-05-2020**

The Himachal Pradesh Public Service Commission in its meeting held on 18-05-2020 decided to implement the new selection procedure for recruitment to the posts in respect of whom no selection procedure has been prescribed in the concerned Recruitment & Promotion Rules as per detail enclosed. This procedure shall be applicable for the posts to be advertised after 20-05-2020.

Sd/-

(Rakhil Kahlon) IAS

Secretary,

H.P. Public Service Commission

Phone No. 0177-2623786

प्रैस विज्ञप्ति

पारदर्शिता और निष्पक्षता के प्रयत्नों को निरंतर जारी रखते हुए हि0प्र0 लोक सेवा आयोग ने लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती किये जाने वाले विभिन्न पदों की प्रक्रिया में ऐतिहासिक परिवर्तन करने का फैसला लिया है। लोक सेवा आयोग द्वारा की जाने वाली ऐसी सभी भर्तियां जहां भर्ती एवं प्रोन्नति नियमों मे भर्ती की प्रक्रिया सुनिश्चित नहीं की गई है, ऐसे पदों के लिए भर्ती, छंटनी परीक्षा लेने के पश्चात् केवल व्यक्तित्व साक्षात्कार परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर ही की जाती रही है। यद्यपि चयन प्रक्रिया हमेशा ही निष्पक्ष और योग्यता के आधार पर ही की जाती रही है परन्तु विभिन्न वर्गों द्वारा केवल व्यक्तित्व साक्षात्कार के आधार पर चयन करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। इन तथ्यों को ध्यानार्थ रखते हुए व चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं–स्वायत बनाने हेतु आयोग ने 18 मई, 2020 को हुई बैठक में निर्णय लिया कि भविष्य में आयोग द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को भी चयन की अन्तिम योग्यता क्रम सूची निर्धारित करने के लिए सम्मिलित किया जाएगा।

ऐसी सभी भर्तियां जहाँ भर्ती एवं प्रोन्नति नियमों में चयन प्रक्रिया निर्धारित नहीं की गई है में आयोग द्वारा सब्जैक्ट ऐपटीच्यूट परीक्षा के पश्चात् व्यक्तित्व साक्षात्कार की परीक्षा ली जाएगी एवं अन्तिम योग्यता क्रम सूची निर्धारित करने के लिए 65% महत्त्व सब्जैक्ट ऐपटीच्यूट परीक्षा एवं 35% महत्त्व व्यक्तित्व साक्षात्कार परीक्षा को दिया जाएगा। आयोग द्वारा चयनित किए जाने वाले उम्मीदवारों की उत्तमता के स्तर को बढ़ाने के लिए यह भी निर्णय लिया गया कि उम्मीदवारों के लिए चयन प्रक्रिया की दोनों परीक्षाओं में न्यूनतम अंक लेना अनिवार्य होगा। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए सब्जैक्ट ऐपटीच्यूट परीक्षा में 30% व आरक्षित वर्गों के लिए 25% न्यूनतम अंक प्राप्त करना व व्यक्तिगत साक्षात्कार परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 45% व आरक्षित वर्गों के लिए 35% न्यूनतम अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त आयोग ने व्यक्तित्व साक्षात्कार परीक्षा को आयोजित करने की प्रक्रिया में भी बदलाव किए हैं। भविष्य में उम्मीदवार की पहचान को व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड को उद्घाटित नहीं किया जाएगा और न ही व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड द्वारा उम्मीदवार से उसकी पहचान से सम्बंधित कोई प्रश्न पूछा जाएगा। व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड का चयन उम्मीदवारों द्वारा स्वयं पर्ची चुन कर किया जाएगा।

विगत दो वर्षो में आयोग द्वारा मेजर जनरल डी0वी0एस0राणा, एवीएसएम,एसएम, वीएसएम (रिटा.) की अध्यक्षता में आयोग की कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए कई साकारात्मक कदम उठाए गए है जिनमें मुख्यतः–

1 वन टाइम रजिस्ट्रेशन ऑफ कन्डीडेटः वर्ष 2018 में शुरू की गई इस सेवा के तहत उम्मीदवारों को केवल एक बार ही आयोग में पंजीकरण करनें की आवश्यकता है।

2 आनलाइन कडक्ट ऑफ एग्जामीनेशन: आयोग द्वारा मई 2018 से छंटनी परीक्षाओं के लिए कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत My Examination My Online review में उम्मीदवारों को अपनी उत्तर पुस्तिका व कुंजी 30 मिनट बाद ही उपलब्ध हो जाती है। कम्प्यूटर वेस्ड परीक्षा के आयोजन से परीक्षा का परिणाम 10 से 15 दिनों के भीतर ही घोषित किया जा रहा है।

3 कम्प्यूटर वेस्ड परीक्षा केन्द्र: आयोग द्वारा अपने परिसर में ही आनलाइन परीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई जिसमें आधुनिक तकनीक के 350 लेपटाप स्थापित किए गए है। इससे आयोग की आत्मनिर्भरता मे बढ़ावा हुआ है।

4 सरकार से प्राप्त रिक्वीजिशन का निर्धारित समय मे निष्पादन: आयोग द्वारा सरकार से आने वाले मांग पत्रों के निष्पादन हेतु समय सीमा निर्धारित की गई है जिसके तहत व्यक्तित्व परीक्षण /छंटनी परीक्षा के तहत होने वाली भर्ती दो से तीन महीने में, दो चरणों मे होने वाली परीक्षा 5–6 महीनों में, 3 चरणों मे हाने वाली भर्ती 9 से 10 महीनों में पूर्ण की जा रही है जो कि पहले क्रमशः 6 से 8, 12–14 और 15–16 महीनों मे होती थी।

5 दिव्यांगों के लिए 57 लाख रू0 से लोक निर्माण विभाग द्वारा परिसर में लिफट का निर्माण किया जा रहा है।

6 परिसर मे उम्मीदवारों के साथ आने वाले सम्बन्धियों के बैठने हेतु शालिका का निर्माण किया गया है जिसमें लगभग 80 लोगो के बैठने की व्यवस्था है।

7 आयोग के कार्यालय की सूचना प्राद्यौगिकी संरचना का पूर्ण आधुनिकीकरण किया गया है।

8 लोक सेवा आयोग की आधिकारिक द्विभाषी बेवसाइट का नवीनीकरण किया गया है।

9 उम्मीदवारो की सुविधा के लिए आयोग द्वारा जनवरी 2018 से एंड्रायड और आइ ओ एस आधारित ऐप्लीकेशन चलाई गई जिससे वे आयोग से संबन्धित सूचना अपने मोबाइल फोन पर ही प्राप्त कर सकते हैं।

10 परिसर की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है।

11 उम्मीदवारो की सूचना हेतु प्रत्येक तिमाही में होने वाले साक्षात्कार /परीक्षा की अग्रिम सूचना बेवसाइट पर दिया जाना आरम्भ किया गया है।

इन सभी कदमों से हुए प्रभाव का प्रमाण इन तथ्यों से मिलता है कि आयोग द्वारा प्रतिवर्ष कुल उम्मीदवारों की चयन संख्या मे काफी बढ़ौतरी हुई है । वर्ष 2012 से 2016 तक यह संख्या औसतन 600 से बढ़कर वर्ष 2017 मे 803, वर्ष 2018 में 1643 एवं वर्ष 2019 मे 1986 हो गई है। भर्ती प्रक्रिया के पूरे होने के समय में भी बहुत कमी आई है। आयोग ने वर्ष 2019 में एच ए एस की तीन चरणों मे होने वाली परीक्षा की प्रक्रिया केवल 9 महीनें मे पूर्ण कर ली थी।

इन सब के अतिरिक्त आयोग द्वारा कार्यालय की कार्यप्रणाली को सूचना प्राद्यौगिकी की मदद से आधुनिकृत किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न सॉफ्टवेयर एन आई सी की सहायता से तैयार किये गये हैं और जिनका परीक्षण किया जा रहा है और जल्द ही आयोग का पूर्ण कार्य आनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा।

हस्ता0
सचिव
हि0प्र0लोक सेवा आयोग